जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1834 दिनांक : 26/09/2012

प्रति,

(1) **प्राचार्य/प्राचार्या,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

(2) **विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक,**
समस्त अध्ययनशालाएँ,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय – **सत्र 2012–13 में स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नवीन प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट** www.jiwaji.edu/ www.univindia.com **पर अनिवार्य रूप से दिनांक 05.10.2012 तक अपडेट करने बावत्।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2012–13 में स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नवीन प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia.com पर दिनांक 05.10.2012 तक अनिवार्य रूप से कक्षावार अंकित करें, जिससे कि मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी एकाडेमिक कैलेण्डर का पालन करते हुये समय–सीमा में परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाये जाकर परीक्षाएँ आयोजित की जा सकें।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा ''केन्द्रीयकृत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया'' अथवा जीवाजी विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में ''विश्वविद्यालीन प्रवेश परीक्षा'' के माध्यम से प्रवेश दिये गये हैं, उन समस्त छात्र–छात्राओं की कक्षावार सूचियाँ (Classwise Data) उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये गये कॉलेज कोड पर मौजूद है।

संबंधित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कक्षावार सूची अपडेट करते समय ध्यान रखें कि उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल में जो छात्र–छात्राओं के नामों की स्पेलिंग भरी गयी है, वही स्पेलिंग विश्वविद्यालय की वेबसाइट के ऑनलाइन फार्म में भरें, जैसे कि–

छात्र का एप्लीकेंट आईडी	–	उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के अनुसार
छात्र का नाम	–	उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के अनुसार
पिता का नाम	–	उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के अनुसार
माता का नाम	–	उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के अनुसार
जन्म तिथि	–	उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के अनुसार

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर छात्र–छात्राओं की सूची अंकित करते समय वही सूची अंकित करें, जो मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा ''केन्द्रीयकृत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया'' के अंतर्गत दी गयी है। अगर कोई भी महाविद्यालय इन छात्र–छात्राओं के अतिरिक्त कोई नया नाम जोड़ता है तो उसकी शिकायत आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल से की जा जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष का होगा।

..........2

ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के पूर्व पत्र क्रमांक जीवि/परीक्षा–2/नामांकन/गोप./2012/1758 दिनांक 10.09.2012 के माध्यम से समस्त संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं को सूचित किया गया था कि वे अनिवार्य रूप से सत्र 2012–13 में नवीन प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन आवेदन–पत्र भरवायें, अगर कोई छात्र नामांकन आवेदन भरने से छूट जाता है तो ऐसी स्थिति में उस छात्र का परीक्षा आवदेन–पत्र ऑनलाइन अपडेट नहीं हो सकेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/संबंधित छात्र की होगी।

अतः संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 05.10.2012 तक अनिवार्य रूप से कक्षावार (Classwise) सूचियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपडेट करें। उपर्युक्त तिथि के पश्चात् वेबसाइट को बंद कर दिया जायेगा और प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर/दिसम्बर 2012 के परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाने की कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

भ व दी य,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल
2. श्रीमान् अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चंबल संभाग, ग्वालियर
3. माननीय कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा),जीवाजी वि.वि.,ग्वालियर
6. वेबसाइट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)